चेन्नई मात्स्यिकी पोताश्रय में बैग जाल द्वारा बोई (मल्लेट) *मुजिल सेफेलस* का भारी अवतरण

कोरोमोन्डल तट पर वेलापवर्ती झुण्डों के लिए 18 मी लंबा और 15 मी चौडा एवं 10-25 मि मी की जालियों का इडावलै (बैग जाल) का प्रचालन किया जाता है। उत्तर-सूनामी महीनों (फरवरी-मार्च) के दौरान चेन्नई तट में इडावलै का सर्वाधिक प्रचालन मछुआरों के जीविकोपार्जन के लिए एक सहारा बन गया था। ऐंचोवी मछलियों को पकडने के लिए प्रयुक्त इडावलै (जलाक्षि आयाम 15 मि मी) को यहाँ "अरुन्तावलै" और बाँगडे और मल्लेट की पकड केलिए प्रयुक्त इडावलै (जलाक्षि आयाम 25 मि मी) को "पेन्तावलै" कहते है। इडावलै के प्रचालन केलिए दो छोटे कटामरीनों (कुल लंबाई 8 मीटर) के साथ दो बडे कटमरीनों (कुल लंबाई 8 मीटर) (या फाइबरग्लास नाव) के प्रयोग करते है। ये कटामरीन प्रत्येक में पाँच-पाँच कार्मिकों से साथ झुण्ड की खोज में जाते है और झण्ड को वलयित करके जाल की और भगाते है। इसके बाद जाल खींचकर निकट की नाव में संग्रहिक करते है।

2005 जून में चेन्नई तट से 3-5 कि मी दूर 5-10 मी की गहराई में इडावलै के प्रचालन करते समय बोई मुजिल सेसाफल की भारी पकड प्राप्त हुई। 1-6-05 (8.7 टन) 3-6-05 (10.6 टन), 14-6-05 (8.6 टन), 15-6-05 (9 टन) और 16-6-05 (7.1 टन) को अवतरण भारी था। चेन्नई मात्स्यिकी पोताश्रय में वर्ष 2003-2005 के दौरान इडावलै द्वारा किये गये बोई अवतरण सारणी - 1 में दिया गया है। सितंबर-अक्तूबर, जनवरी-फरवरी

मुजिल सेफेलस

और मई-जून महीनों में पकड और पकड प्रति एकक प्रयास उच्च देखी गयी थी। 3-6-05 को संग्रहित *एं. सेफेलस* की लंबाई-बारंबारता के विश्लेषण करने पर पकड में 105-139 मि मी लंबाई और 12-28 ग्रा भार की अप्रौढ मछलियों की उपस्थिति देखी गयी। लेकिन 15-6-05 को संग्रहित पकड में 180-244 मि मी की लंबाई और 70-140 ग्रा भार की पूर्व वयस्क अवस्था की मछलियाँ उपस्थित थी। पकड में मादाओं की प्रमुखता स्पष्ट थी।

निकटतट जल क्षेत्रों में इडावलै के प्रचालन करने हेतु प्रथम पक्ष में ही मछुआरों को प्रति नाव 5244 से 6384 रुपए तक प्राप्त हुआ। दूसरे पक्ष में बडी मछलियाँ की पकड ने प्रति नाव 19933 और 28800 रुपए का आय दर्ज किया। 2005 जून में पाँच दिनों के निरीक्षण के दौरान 54 एककों द्वारा 9 लाख से भी अधिक रुपए कमाये थे।

रिपोर्टर

एस.के. बालकुमार, एस. मोहन और एस. राजन
सी एम एफ आर आइ मद्रास अनुसंधान केन्द, मद्रास, तमिलनाटु

सारणी-1 चेन्नई मात्स्यिकी पोताश्रय में 2003 जुलाई-2005 जून के दौरान इडावलै द्वारा बोई का अवतरण

	2003-2004			2004-2005		
महीना	पकड (टन)	प प्र ए प्र (कि ग्रा)	%	पकड (टन)	प प्र ए प्र (कि ग्रा)	इडावलै में प्रतिशतता
जुलाई	2.4	13.7	2.9	4.3	11.0	1.7
अगस्त	4.2	30.0	0.6	0.8	9.0	1.0
सितंबर	7.7	112.3	54.9	35.1	35.1	0.6
अक्तूबर	18.8	121.1	16.4	6.5	28.0	6.4
नवंबर	1.0	7.1	1.1	0.0	0.0	0.0
दिसंबर	4.3	43.8	6.8	0.2	74.4	100.0
जनवरी	16.6	98.7	24.3	मत्स्यन नहीं	मत्स्यन नहीं	मत्स्यन नहीं
फरवरी	6.4	198.6	100.0	0.0	0.0	0.0
मार्च	6.6	187.0	100.00	0.2	19.3	1.9
अप्रैल	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
मई	55.9	146.2	32.6	7.8	68.0	15.6
जून	3.0	3.4	0.3	74.2	222.0	20.8
कुल	126.9	-	-	129.1	-	-

सारणी - 2 मुजिल सेफैलस के अवतरण और मूल्य

तारीख	प्रयास (एकक)	अवतरण (कि ग्रा)	प प्र ए प्र (कि ग्रा)	लंबाई रैच (मि मी)	भार रैच (ग्रा)	मूल्य (रु/कि ग्रा)	कुल मूल्य (रु)
01/06/05	10	8740	874	105-139 (122)	12.28 (18)	6	25440
03/06/05	10	10640	1064	-	-	6	63840
14/06/05	12	8640	720	180-249 (207)	70-140 (95)	32	276480
15/06/05	10	9000	900	-	-	32	288000
16/06/05	12	7100	592	-	-	32	227200
कुल	54	44120	4150	-	-	-	907960

मुख्य शब्द/Keywords

एंचोवी - anchovy
मल्लेट - mullet